**जिलाधिकारी महोदय जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 11.06.2026 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन परियोजनाओ तथा श्रोत स्थिरता योजना की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।**

**उपस्थिति**

1— जिलाधिकारी गोरखपुर।
2— मुख्य विकास अधिकारी गोखपुर।
3— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
4— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण (ई एण्ड एम)
5— सहायक अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
6— समस्त, अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
7— जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0
8— प्रतिनिधि, एन0सी0सी0
9— प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
10— प्रोजेक्ट मैनेजर, विन्ध्या टेली लिंकस
11— लैब असिस्टेंट, जल निगम ग्रामीण।
12— टीम लीडर मेधज व अन्य

दिनांक 11—06—2026 को अपरान्ह 5.30 बजें से बैठक आहुत किया गया। उक्तानुसार समस्त अधिकारी बैठक में उपस्थित रहें।

सर्वप्रथम् अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन से सम्बन्धित टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 तथा 10 वर्ष के लिये संरक्षण एवं रख रखाव की स्वीकृति से सम्बन्धित गाईड लाईन्स/शासनादेश उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही—सहायक अभियन्ता जल निगम/अवर अभियन्ता जल निगम/कार्यदायी संस्था )**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन से सम्बन्धित 355 पूर्ण परियोजनायें जो कि संरक्षण एवं रख रखाव में जा चुकी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि पूर्ण परियोजनाओ की सूची मुख्य विकास अधिकारी महोदय को उपलब्ध काराये तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय से अपेक्षा है कि कम से कम 20 परियोजनाओ का सत्यापन स्वयं करेगें एवं शेष परियोजनाओ का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी/जनपदस्तरीय अधिकारी से कराकर अवगत करायेगें।

**(कार्यवाही— सहायक अभियन्ता जल निगम )**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल निगम ग्रामीण में कार्यरत सभी अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता एवं टी0पी0आई0 की टीम को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत हाउस कनेक्शन एवं पाईप लाइन विछाने के दैरान क्षतिग्रस्त हुयी सड़को का सत्यापन कर लें तथा क्षतिग्रस्त सड़को के मरम्मत का कार्य मानसून के पूर्व ही करालें जिससे ग्रामीण जनो के आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

**(कार्यवाही— सहायक अभियन्ता जल निगम )**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत समस्त कार्यदायी संस्थाओ से जनपद में समस्त परियोजनाओं के निर्माण की स्वीकृत लागत एवं उस पर हुये व्यय का विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– सहायक अभियन्ता जल निगम )**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ परियोजनाओ पर भूमि विवाद एवं भूमि उपलब्ध न होने के कारण परियोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो पा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसी समस्त परियोजना जहाँ भूमि से सम्बन्धित प्रकरण है उसका सूची उपलब्ध करायें। जिससे उसका निस्तारण किया जा सकें।

बैठक के अन्त में निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु प्रत्येक माह डी0डब्लू0एस0एम0 लेवल पर बैठक कराना सुनिश्चित किया जाय।

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक 1881/एम–59/18 तद्दिनांकित।

**<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>**

1– जिलाधिकारी महोदय, गोरखपुर।
2– मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, गोरखपुर।
3– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
4– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
5– मेसर्स एन0सी0सी0लि0/मेसर्स ऋत्विक कोया/विन्ध्या टेली लिंक, जनपद गोरखपुर।
6– मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।
7– जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

अधिशासी अभियन्ता